पत्रिका {इंदौर प्राइम}

INDORE PRIME

पत्रिका SUNDAY
इंदौर, रविवार, 25 सितंबर, 2022
patrika.com

सकारात्मक बदलावों के लिए शिक्षक करें पहल

WOMAN GUEST EDITOR
वुमन गेस्ट एडिटर

सोच यह: सपनों के साथ यदि आप शिद्दत से जुड़ें तो रास्ते आसान लगने लगते हैं।

सुझाव भेजें
sunday@in.patrika.com

अर्जुन रिछारिया
patrika.com

इंदौर. किताबी शिक्षा से आप स्कूल और कॉलेज की परीक्षा में बेहतर नंबर लाते हैं पर जीवन की परीक्षा में सफलता के लिए संस्कार बेहद जरूरी हैं। संस्कारों के अभाव में उच्च शिक्षित युवा भी नशे जैसी बुराइयों में फंस जाते हैं और छोटी छोटी परेशानियों में टूट जाते हैं। केवल दृढ़ विश्वास और आस्था के बल पर ही वे इस भ्रम जाल से मुक्त हो सकते हैं। यह बातें डीएवीवी की कुलपति डॉक्टर रेणु जैन ने पत्रिका से चर्चा में कहीं।

रेणु जैन का मानना है कि माता पिता के साथ शिक्षकों को भी समय-समय पर छात्रों को आदर्श उदाहरण के माध्यम से यह बताते रहना चाहिए कि जीवन में किस तरह की परेशानियां आती हैं और छात्रों को उनसे कैसे संघर्ष करना है। इससे वे बेहतर बनेंगे।

मानसिक मजबूती जरूरी

मोबाइल एडिक्शन हो, ड्रग्स हों या फिर किसी अन्य तरह का एडिक्शन यह युवाओं को अंदर से खोखला कर रहा है। बेहतर शिक्षा प्राप्त करने वाले युवा भी इनका शिकार हो रहे हैं, इसके लिए जरूरी है हम उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाएं। शिक्षकों का दायित्व है कि वह बच्चों को समय-समय पर बेहतर कार्यों के लिए प्रोत्साहित करें।

ऊर्जा देते हैं गुलाब कोठारी के शब्द

मैं पत्रिका की नियमित पाठक हूं। पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी के लेख धर्म, सामाजिक जागरूकता से लेकर तमाम विषयों पर न सिर्फ गहरी जानकारियां देते हैं बल्कि हमारी ऊर्जा को एक नए स्तर तक ले जाते हैं। मेरा मानना है की युवाओं को भी समाचार पत्रों में आने वाले लेखों को नियमित रूप से पढ़ना चाहिए। इनमें महत्वपूर्ण जानकारियां आती हैं जो उनके जीवन को बेहतर बनाती हैं।

सफलता के सूत्र

- कभी पद का मोह न रखें लेकिन पद की जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए अपना काम पूरी ईमानदारी और समर्पण से करें
- अच्छे उद्देश्य से कार्य करने वालों का पूरी प्रकृति साथ देती है
- ईश्वर में विश्वास रखें
- जीवन में खानपान, विचार और व्यायाम से संतुलन रखें
- प्रकृति, धर्म और संस्कारों से हमेशा जुड़े रहें और अपनी नई पीढ़ी को भी जोड़ें। यही सब हमें मजबूत बनाते हैं।

न्यूज 2 मिनट में

धूप निकलने से बढ़ा तापमान

इंदौर @ पत्रिका. मौसम विभाग का अनुमान सही रहा तो नवरात्र में बारिश के आसार बन रहे हैं। शनिवार को भी दिन धूप-छांव वाला रहा। इस साल शहर व जिले में औसत से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। शहर में अब तक 48 व जिले में 41 इंच पानी बरसा। इधर, मानसून की सक्रियता ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि अब फसल को सूखने के लिए तेज धूप की जरूरत होती है। दो दिन से तेज धूप नहीं निकलने से तापमान गिरकर 24 डिग्री के आसपास पहुंच गया था। शनिवार को इसमें उछाल देखा गया। दिन का तापमान 29.1 व न्यूनतम 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वर्तमान में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में मानसूनी सिस्टम

जगह-जगह उखड़ी सड़कें, पेचवर्क में डामर की जगह डाली चूरी

स्वच्छ शहर की छवि पर बदनुमा दाग, 50 फीट की सड़क में हो गए 100 गड्ढे

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

निगम की अनदेखी से दूभर हुआ लोगों का आना-जाना

जिम्मेदार समझें, कितनी दिक्कत है...

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. स्वच्छ शहर की छवि सड़कों के गड्ढे बिगाड़ रहे हैं। 50 फीट के दायरे में 100 गड्ढे गिने जा सकते हैं। जवाहर मार्ग, रिंग रोड, एबी रोड, देवास नाका सहित पूरे शहर में ऐसी ही

विजय नगर: इस चौराहे से हर दिन लाखों लोगों का आना-जाना होता है। हजारों वाहन गुजरते हैं, व्यापारिक गतिविधियां भी हैं। चौराहे पर गड्ढों को छिपाने के लिए चूरी डाल दी, जो चारों तरफ बिखरी पड़ी है। इससे वाहन फिसल रहे हैं। चूरी वाहन चालकों के लिए खतरा बन गई है। चौराहे पर 100 मीटर के दायरे की स्थिति काफी दयनीय है। यहां चूरी

नई शिक्षा नीति के तहत दाखिला लेने वालों के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने बढ़ाई तिथि

कोर्स और विषय बदलने के लिए सोमवार तक का मौका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. प्रदेश के सरकारी और निजी कॉलेजों में इस सत्र में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी अब सोमवार तक अपने कोर्स और वि.षय बदल सकेंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने पसंद के कोर्स चुनने की मियाद बढ़ाने की घोषणा की है। इससे पूर्व 21 सितंबर तक का मौका दिया गया था।

इस सत्र में दाखिले की प्रक्रिया करीब तीन माह तक चली है। पहली काउंसलिंग के बाद बार-बार की कॉलेज लेवल काउंसलिंग में विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर कोर्स अलॉट किए गए है। इसके बाद कॉलेजों में रिक्त रही सीटों पर अब

मेरिट पर ही बदले जाएंगे कोर्स

दाखिले के लिए कोर्स बदलने के लिए भी मेरिट आधार रहेगी। उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक प्रो.सुरेश सिलावट ने बताया, कोर्स और विषय बदलने वाले छात्र-छात्राएं सोमवार तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन करेंगे। रिक्त सीट से अधिक आवेदन मिलने पर मेरिट के आधार पर कोर्स बदले जाएंगे। बाकी विद्यार्थियों को पूर्व में आवंटित कोर्स में ही पढ़ाई करना होगी।